


# हल्की बारिश में ही तालाब में तब्दील हो गई मुख्य सड़क

## आवागमन में लोगों को हो रही काफी दिक्कत



नवभारत न्यूज

**कोठी 4 अगस्त,नगर परिषद कोठी के अंतर्गत दिया तले ही अंधेरा है क्योंकि नगर परिषद कार्यालय के सामने की ही मुख्य सड़क जो कोठी बाजार से होकर आती है और सुंदरा समरिया हाईवे को जोड़ती है जो अत्यंत जर्जर हो रही है और उसकी हालत इतनी दयनीय हो चुकी है कि यदि 10 से 15 मिनट की हल्की बारिश ही हो जाए तो मुख्य आरसीसी सड़क तालाब जैसे दिखने लगती है और लोगों के घुटने तक पानी सड़क में आ जाता है।**

बजह यह है कि सड़क पूर्व में जिम्मेदारों द्वारा सही ढंग से बनाई नहीं गई और पानी निकासी की व्यवस्था सही ढंग से नहीं की गई इसके चलते हालात दिन पर दिन बदतर ही होते जाते हैं और वर्तमान स्थिति ऐसी है कि साफ सफाई का अभाव होने की वजह से पानी सड़कों में ही रुकता है सड़क के पूर्वी छोर पर नाली बनी हुई है परंतु सही ढंग से नालियों में पानी नहीं पहुंच पाता और नालियां भी साफ सफाई के अभाव के चलते चोंक हो रही हैं जहां पर आर सी सी सड़क बनी हुई है और सड़क के साइड पट्टी सड़क से ऊंची है और नालियों के आसपास खरपतवार जमा हुआ है जिसकी वजह से सड़कों का पानी भरकर सड़क में ही एकत्रित होता है और सड़क तालाब में तब्दील हो जाती है जिससे छोटे बच्चों और राहगीरों को आने-जाने में काफी परेशानी होती है यदि कोई वाहन सड़क से निकल जाए तो पानी के छींटे की वजह से लोगों के कपड़े भी खराब हो जाते हैं विडंबना इस बात की है की जिम्मेदार इस दिशा में कभी ध्यान नहीं देते ना ही इसे गंभीरता से लेते जिससे लोग दुर्घटना का भी शिकार हो जाते हैं और व्यवस्था बनाए जाने के बजाय सिर्फ समय पास कर रहे हैं जिसका खामियाजा लोग भुगत रहे हैं नगर के लोगों ने कहा कि जिम्मेदारों को इस दिशा में भी कार्य करना चाहिए कि नगर की सड़क साफ सुंदर व स्वच्छ रहें और लोगों को आने-जाने में परेशानी ना हो कोठी की नगर उत्थान युवा संघर्ष समिति के संयोजक इंजीनियर आशीष तिवारी ने कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि नगर परिषद कार्यालय के सामने की ही मुख्य सड़क के ऐसे हालात बने हुए हैं जबकि नगर परिषद में जिम्मेदार अध्यक्ष सीएमओ इंजीनियर जनप्रतिनिधि व अन्य लोग भी हैं फिर भी विधानसभा की एक मात्र नगर परिषद के हालात ऐसे हो चुके हैं कि नगर परिषद कोठी में दिया तले ही अंधेरा है तो फिर नगर में अन्य जगह क्या होगा लगता है कि सभी जिम्मेदार आंख में पट्टी रखकर काला चश्मा लगाकर चलते हैं और नगर परिषद के विकास कार्य अनुभवहीन इंजीनियर की वजह से प्रभावित हो रहे हैं. यही वजह है कि इंजीनियर की अनुभवहीनता की वजह से सड़क का पानी सही ढंग से नहीं निकल पाता क्योंकि नालियों का निर्माण का लेवल सही नहीं है साथ ही साफ सफाई का अभाव है और साइड पट्टी सड़कों से ऊंची है जिससे सड़कों में तालाब जैसी स्थिति बन रही है।

# अमदरा, नादन एवं बदेरा को मिले तहसील का दर्जा

- फिलहाल मैहर से ही संचालित हो नायब तहसीलदारों के न्यायालय,
- अधिवक्ता संघ ने विधायक को सौंपा ज्ञापन



नवभारत न्यूज

**मैहर / अमदरा 4 अगस्त, नायब तहसीलदारों के राजस्व न्यायालयों को राजस्व सर्किलों में स्थापित किए जाने के प्रस्ताव का अधिवक्ता संघ मैहर ने कड़ा विरोध करते हुए जनहित में मांग की है कि जब तक अमदरा, नादन एवं बदेरा को पूर्ण तहसील का दर्जा प्राप्त नहीं हो जाता, तब तक सभी नायब तहसीलदारों के राजस्व न्यायालय मैहर मुख्यालय में ही संचालित किए जाएं।**

इसी मांग को लेकर अधिवक्ता संघ मैहर के अध्यक्ष अधिवक्ता अनिल शुक्ला के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि अमदरा, नादान एवं बदेरा अभी पूर्ण तहसील नहीं हैं। ऐसी स्थिति में नायब तहसीलदारों के न्यायालयों को इन राजस्व सर्किलों में संचालित किए जाने से आम नागरिकों, किसानों, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों तथा अधिवक्ताओं को अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ेगा। न्यायिक कार्यों के लिए अलग-अलग स्थानों पर भटकना पड़ेगा, जिससे समय और धन दोनों की हानि होगी तथा न्यायिक प्रक्रिया भी प्रभावित होगी। अधिवक्ता संघ ने स्पष्ट किया कि जब तक अमदरा, नादन एवं बदेरा को विधिवत तहसील का दर्जा नहीं मिल जाता, तब तक सभी नायब तहसीलदारों के राजस्व न्यायालयों का संचालन मैहर मुख्यालय से ही किया जाना जनहित एवं न्यायहित में आवश्यक है। इससे आमजन को एक ही स्थान पर राजस्व संबंधी सेवाएं एवं न्यायिक सुविधा सहज रूप से उपलब्ध होती रहेंगी। प्रतिनिधिमंडल ने विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी से शासन स्तर पर हस्तक्षेप कर जनभावनाओं के अनुरूप निर्णय सुनिश्चित कराने की मांग की। विधायक ने अधिवक्ताओं की मांग को गंभीरता से सुनते हुए शासन स्तर पर आवश्यक पहल करने का आश्वासन दिया।

### ये रहे उपस्थित

प्रतिनिधिमंडल में संघ के सचिव कुंवर अर्जुन सिंह, उपाध्यक्ष एस.एन. तिवारी, पुस्तकालय प्रभारी मुकेश शुक्ला, ओ.पी. तिवारी, रमाकांत दुबे एवं दिनेश कुमार सोनी सहित अनेक अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# वेयर हाउस में खाद वितरण व्यवस्था पर उठे सवाल

## किसानों को घंटों करना पड़ा इंतजार




नवभारत न्यूज

**बड़ा इंटवा ( मैहर ) 4 अगस्त, खरीफ सीजन के बीच किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने के शासन-प्रशासन के दावों के बीच देवराज नगर स्थित खाद वेयरहाउस की वितरण व्यवस्था सवालों के घेरे में है। मंगलवार को निर्धारित समय सुबह 10 बजे केंद्र खुलना था, लेकिन सुबह 11 बजे तक भी वेयर हाउस का ताला नहीं खुला। इससे बड़ी संख्या में किसान परिसर के बाहर घंटों इंतजार करने को मजबूर रहे।**

किसानों ने आरोप लगाया कि जिनकी पर्ची एक कंपनी की खाद के लिए काटी गई थी, उन्हें वितरण के दौरान दूसरी कंपनी की खाद दी गई। किसानों का कहना है कि पर्ची जिस कंपनी की खाद के नाम पर जारी की गई है, उसी कंपनी की खाद उपलब्ध कराई जानी चाहिए। ऐसा नहीं होने से किसानों में नाराजगी देखी गई। किसानों का कहना है कि देवराज नगर वेयर हाउस में खाद वितरण के दौरान अव्यवस्था लंबे समय से बनी हुई है। उनका आरोप है कि पर्ची और वास्तविक वितरण में अंतर होने से उन्हें अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने प्रशासन से वितरण व्यवस्था में सुधार करते हुए समय पर केंद्र खोलने तथा पर्ची के अनुरूप ही खाद उपलब्ध कराने की मांग की है।

# रामनगर जनपद में योजनाओं की हुई समीक्षा

- पीएम आवास के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश



नवभारत न्यूज

**रामनगर 4 अगस्त, कलेक्टर विदिशा मुखर्जी के निर्देशन में मंगलवार को रामनगर जनपद कार्यालय में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत सीईओ शैलेंद्र सिंह ने की।**

**इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी एवं विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।**

बैठक में जिला पंचायत सीईओ ने अधिकारियों को योजनाओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंचे, इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ नियमित मॉनिटरिंग करें। पीएम आवास योजना के लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने और प्रगति में तेजी लाने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने स्पष्ट किया कि योजनाओं के संचालन में किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता सामने आने पर संबंधित अधिकारी-कर्मचारी के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। बैठक में जनपद पंचायत रामनगर की सीईओ भारती दीक्षित सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों के कार्यों की प्रगति प्रस्तुत की और लंबित मामलों के निराकरण की जानकारी दी।



# बरहा के लोगों ने समस्याओं का ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

नवभारत न्यूज

**हिरौंदी 4 अगस्त, जनपद पंचायत मझगवां अंतर्गत ग्राम पंचायत बरहा के बरहा गांव के लोग आज एसडीएम मझगवां की जनसुनवाई में पहंच कर विभिन्न समस्याओं का ज्ञापन देकर निकरण कराने की पुकार लगाई।**

ज्ञापन में कहा गया कि गांव की आवादी लगभग 1200 है यहां लगभग 250 अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़े वर्ग के लोग रहते हैं लेकिन यहां बुनियादी सुविधाओं का पूरी तरह से अभाव है। सरकारी योजनाओं का कोई लाभ यहां के लोगों को नहीं मिलता,जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना,राशन दुकान 5-6 किमी दूर है, सड़क, शिक्षा, स्वस्थ्य, खेती की सिंचाई आदि विभिन्न शामिल हैं। सभी समस्याओं का निराकरण और सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जाय।

# विद्युत विभाग नींद से जागा, शिफ्ट किया नये पोल पर बिजली केबिल, पुराना पोल हटाया

नवभारत न्यूज

**कोठी 4 अगस्त, नगर के वार्ड क्रमांक 5 के शर्मा मोहल्ले के पास बीच रास्ते पर बिजली का पोल लगा हुआ था जो क्षतिग्रस्त हो गया था जिससे दुर्घटनाओं की संभावना तो थी ही साथ ही आवागमन भी प्रभावित होता था.**


बीच सड़क पर खड़े बिजली के दो दो पोल
नया पोल लगाने के बाद भी नहीं शिफ्ट की बिजली, पुराने लोहे के पोल पर करंट फैलने का खतरा

जिसके बाद मोहल्ले वासियों की लंबी शिकायत एवं समाचार प्रकाशन के बाद नया पोल तो लगा दिया गया था परंतु 3 महीने से अधिक समय गुजर जाने के बाद भी उस नए पोल पर बिजली नहीं शिफ्ट की गई थी जिसकी वजह से समस्या और चार गुना अधिक बढ़ गई थी और मोहल्ले वासियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था फिर भी विद्युत विभाग द्वारा नए पोल पर बिजली शिफ्ट नहीं की जा रही थी और विद्युत विभाग गहरी नींद में सोया हुआ था जिसके बाद हमारे समाचार पत्र ने मोहल्ले वासियों की गंभीर समस्या होने की वजह से विशेषता के साथ 27 जुलाई के अंक में खबर का प्रकाशन किया था खबर छपते ही विद्युत विभाग की कुंभकर्णी नींद खुली और वह इसे गंभीरता से लेते हुए नए पोल में बिजली शिफ्ट किए जाने का कार्य किया और 2 दिन पूर्व ही पुराने क्षतिग्रस्त पोल को रास्ते से हटाया जिसके बाद मोहल्ले वासियों को चैन की सांस मिली और स्थानीय निवासियों को भी आवागमन में राहत प्रदान हुई इसके बाद मोहल्ले वासियों ने हमारे समाचार पत्र का विशेष धन्यवाद देते हुए विद्युत विभाग का आभार जताया है।

# अगस्त और सितम्बर की राशन सामग्री का एकमुश्त वितरण 31 अगस्त तक

**सतना 4 अगस्त,** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि पात्र हितग्राहियों को उचित मूल्य दुकानों से अगस्त एवं सितम्बर की राशन सामग्री का एकमुश्त वितरण 31 अगस्त तक करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गये हैं। उन्होंने कहा है कि राशन सामग्री का शत् प्रतिशत उठाव 15 अगस्त तक पूरा कर उचित मूल्य दुकानों में भण्डारण सुनिश्चित किया जाए।

# शिक्षक को सम्मानित कर दी भावभीनी विदाई

- शिक्षक जय नारायण सिंह के सेवानिवृत पर पीएम श्री स्कूल जसो में हुआ आयोजन



नवभारत न्यूज

**नागौद 4 अगस्त, पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जसो में शिक्षक जय नारायण सिंह की अर्द्धवार्षिकी आयु पूर्ण होने पर विदाई सम्मान समारोह आयोजित किया गया।**

कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य उपेन्द्र मणि तिवारी द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर की गई। इस अवसर पर सभी शिक्षकों ने श्री सिंह के साथ बिताए पलों को साझा किया। छात्रों ने भी अपने विचार रखते हुए श्री सिंह सम्मान के साथ विदा किया। वक्ताओं ने कहा कि श्री सिंह अपने सरल एवं विनम्र स्वभाव के कारण सभी के प्रिय थे। छात्रों के प्रति उनका प्रेम और लगाव उन्हें विद्यालय में खास और लोकप्रिय बनाता था। समारोह के अंत में प्राचार्य सहित समस्त शिक्षकों ने श्री सिंह को साल, श्रीफल एवं रामायण भेंट कर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक एवं छात्र उपस्थित रहे।




# सेवा दल की जिला स्तरीय बैठक हुई आयोजित

- प्रदेश सेवादल प्रभारी प्रताप नारायण मिश्र ने बैठक को किया संबोधित

नवभारत न्यूज

**मैहर 4 अगस्त, जिला कांग्रेस सेवादल मैहर की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन मध्य प्रदेश प्रभारी प्रताप नारायण मिश्र के मुख्य अतिथि वरिष्ठ कांग्रेस नेता रमापति गौतम की अध्यक्षता वरिष्ठ कांग्रेस नेता केशव प्रसाद चौरसिया पूर्व ब्लाक अध्यक्ष योगेंद्र प्रताप सिंह पूर्व मुख्य संगठन रावेंद्र सिंह पूर्व जिला योजना समिति सदस्य चूड़ामणि बढोलिया वरिष्ठ नेता देवेंद्र अग्रवाल गणेश द्विवेदी , महेंद्र त्रिपाठी रामराज सिंह, रजनीश शर्मा, वरिष्ठ पार्षद रामू कोल की उपस्थिति में आयोजित हुई।**

कार्यक्रम का शुभारंभ डॉक्टर हार्डिकर जी के चित्रपट पर माल्यार्पण कर किया गया तत्पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगीत( वंदे मातरम्) से प्रारंभ हुआ। मंचासीन समस्त अतिथियों का सेवादल के सिपाहियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया अपने स्वागत उद्बोधन में जिला अध्यक्ष अरुण तनय मिश्रा ने कहा कि जिस ढंग से दतिया उप चुनाव में पार्टी व सेवा दल का एक-एक कार्यकर्ता बड़े अनुशासित ढंग से अपना प्रदर्शन किया जिसका परिणाम पूरे देश के सामने है वर्तमान सरकार की रीतियों और नीतियों से आमजन काफी त्रस्त हो चुके हैं सरकार हर क्षेत्र में बिफल हो चुकी है आने वाले समय में सेवा दल का एक-एक सिपाही वर्तमान सरकार को उखाड़ फेंकने में अपनी पूरी ऊर्जा लगा देगा योगेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि सेवादल ऐसा संगठन है जो देश की आजादी से लेकर आज तक निरंतर देश हित में लगा हुआ है रावेंद्र सिंह ने कहा कि सेवादल का सिपाही हमेशा पार्टी के रीतियों नीतियों के साथ-साथ चलने वाला अनुशासित संगठन है जहां अनुशासन है वहीं पर सफलता है *केशव प्रसाद चौरसिया ने कहा कि सेवादल कांग्रेस की रीड है इस रीड रूपी संगठन को और मजबूती प्रदान करने के लिए समय-समय पर प्रशिक्षण प्रदान करना अति आवश्यक है । रमापति गौतम ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के एक-एक कार्यकर्ता को सेवा दल का प्रशिक्षण प्राप्त करना अति आवश्यक है अपने उद्बोधन में मध्य प्रदेश प्रभारी प्रताप नारायण मिश्र ने कहा कि हम पूरे प्रदेश में सेवा दल के प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन निरंतर कर रहे हैं सेवा दल द्वारा मासिक ध्वज बंदन,रवि मिलन, नुक्कड़ सभाएं, आदि जैसे कार्यक्रम नियमित आयोजित किया जा रहे हैं आगामी माहों में मैहर जिले में जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर व दिसंबर माह के पहले प्रदेश स्तरीय प्रशिक्षण शिविर का भी आयोजन किया जाएगा.

# गैबीनाथ धाम में निस्वार्थ सेवा दे रहे स्वयंसेवकों का तहसीलदार और ट्रस्ट के मंत्री ने जताया आभार

नवभारत न्यूज

**बिरसिंहपुर 4 अगस्त, जिले के बिरसिंहपुर स्थित प्रसिद्ध धार्मिक स्थल श्री गैबीनाथ धाम में जब-जब श्रद्धालुओं का तांता लगता है, तब-तब मानव समाज विकास मण्डल के स्वयंसेवक बिना किसी स्वार्थ और वेतन के तत्परता से अपनी सेवाएँ प्रदान करते हैं।**

यह संस्था न केवल मंदिर परिसर में व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करती है, बल्कि समाज हित और जन-कल्याण से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती है। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा आयोजित स्वैच्छिकता पर्व के अवसर पर गैबीनाथ धाम ट्रस्ट के मंत्री एवं बिरसिंहपुर तहसीलदार डॉ. शैलेंद्र शर्मा ने संस्था के स्वयंसेवकों के उत्कृष्ट व निस्वार्थ कार्यों की हार्दिक प्रशंसा की। उन्होंने स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया और भविष्य में भी इसी निष्ठा व निरंतरता के साथ समाज सेवा के पथ पर अग्रसर रहने की मंगलकामनाएँ दीं।

# विधायक विक्रम सिंह विक्की भैया ने कोटर के एल्डरमैनो का किया सम्मान

नवभारत न्यूज

**कोटर 4 अगस्त, आज नगर परिषद कोटर में रामपुर बाघेलान विधायक विक्रम सिंह विक्की भैया द्वारा कोटर नगर परिषद में मनोनीत एल्डरमैनो को शाल एवं श्री फल से सम्मानित किया जिसमें डॉ रमेश मिश्रा, श्रीमती अंजू गौतम पत्नी विनोद गौतम, शांति स्वरूप अग्रवाल एवं सुशील विश्वकर्मा शामिल रहे ।**



कार्यक्रम परिषद अधिकारी अरुण कुमार श्रीवास्तव, अध्यक्ष राजमणि सिंह ,उपाध्यक्ष प्रभाकर तिवारी, सभापति राजेंद्र गौतम बबलू ,पार्षद पंकज कुशवाहा, कुंजीलाल साकेत सहित समस्त पार्षद गण एवं स्टॉप के अलावा नगर के विपिन शर्मा हेमराज गोस्वामी कौशलेंद्र पाण्डेय विधायक प्रतिनिधि सुनील त्रिपाठी रामशरण सिंह रामनरेश आदिवासी रहे तथा एक वृक्ष भी विधायक जी द्वारा नगर परिषद में लगाया गया पूर्व में विधायक जी द्वारा उद्धव धाम में कोटर मंडल की बैठक में भी पहुंचे जहां मंडल अध्यक्ष रामकृष्ण तिवारी द्वारा स्वागत किया गया वहां महामंत्री शेर बहादुर सिंह एवं विधायक प्रतिनिधि रामदयाल प्यासी जी ने स्वागत किया उद्धव धाम में नारियल फोड़कर आशीर्वाद लिया बादमें दुखी परिवार रामलाल तोमर के बहु के निधन पर घर गए बाद में अबेर गांव में पहुंच कर बुनकर परिवार के घर पर बैठ कर हुई हृदय विदारक सांत्वना दी एवं हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

# कथाव्यास ने पंचाक्षर मंत्र और शिव तत्व का किया वर्णन

- शिव महापुराण कथा के पंचम दिवस



नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 4 अगस्त, कामदगिरि परिक्रमा मार्ग स्थित भागवत पीठ में चल रही श्री शिव महापुराण कथा के शिव पुराण का पंचम दिवस श्रीधाम वृंदावन से पधारे परम संत श्री सुमेधानंद जी महाराज बताया आपके परिवार में किसी योग्य संत का रहना बहुत जरूरी है और जीवन में गलत काम नहीं होगा.**

शिव पुराण में कुबेर की जन्म की कथा सुनाई महान नास्तिक लेकिन शिव की कृपा से धन के अध्यक्ष हो गए अलकापुरी बसाई यदि आपके घर में मां का संस्कार है आपकी संतान अच्छी होगी चित्रकूट की चर्चा करते हुए शिव की पावन भूमि चित्रकूट ही है दिवस श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण किया। कथा व्यास सुमेधानंद महाराज ने भगवान शिव के निराकार और साकार स्वरूप का वर्णन करते हुए कहा कि शिव के दो रूप हैं निष्कल और सकल। उन्होंने बताया कि पंचाक्षर मंत्र '"? नमः शिवाय' "स्वयं भगवान शिव से प्रकट हुआ है और यही मंत्र जीव को शिव तत्व से जोड़ने का माध्यम है। कथाव्यास ने कहा कि मानव शरीर पंचमहाभूत पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश से निर्मित है। मृत्यु के समय यही पांचों तत्व अपने मूल स्वरूप में विलीन हो जाते हैं, जिसे मृत्यु कहा जाता है। उन्होंने कहा कि समस्त सृष्टि में शिव तत्व व्याप्त है और भगवान शिव संपूर्ण सृष्टि के गुरु हैं। जब शरीर से शिव तत्व निकल जाता है, तब वह केवल शव रह जाता है। कथा व्यास ने काशी विश्वनाथ सहित द्वादश ज्योतिर्लिंगों की महिमा का वर्णन किया। साथ ही चित्रकूट की महत्ता बताते हुए इसे ब्रह्मांड का सबसे बड़ा तीर्थ कहा कि राम नाम पापो के सामूह को नस्ट कर देता है मानव को जीवन मे पुन्य कार्य करते रहना चहिऐ अपने कर्मो का फल सबको भोगना पडता है अंत में विधि-विधान से महाआरती संपन्न हुई तथा श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर यजमान पं. रामकिशोर दीक्षित एवं बागेश्वरी देवी, भागवताचार्य आचार्य नवलेश दीक्षित सहित श्रोतागण आदि मौजूद रहे।

## लायंस लंगर सेवा में खिचड़ी प्रसाद वितरित




**सतना।** लायंस क्लब सतना हेल्पिंग हैंड्स सतना द्वारा 11/06/2022 से प्रत्येक मंगलवार एवं शनिवार को अनवरत जारी लायंस लंगर सेवा के तहत आज 04/08/2026 मंगलवार को श्रीमती माया श्रीकृष्ण गुप्ता परिवार की ओर से श्री हनुमान जी मंदिर सी एम एच ओ आफिस के सामने धवारी सतना में खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया लगभग 600 भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया । कार्यक्रम में पूर्व रीजन चेयरपर्सन लायन आलोक त्रिपाठी ,जोन चेयरपर्सन लायन धर्मेंद्र सेन , लायन कैलाश कुमार, अशोक त्रिपाठी, राजेश श्रीवास्तव, स्वामी दीन शुक्ला, सुकीर्त त्रिपाठी, सूर्य कमल त्रिपाठी, विनय कमल त्रिपाठी , मंदिर के पुजारी पं .जगन्नाथ महराज जी एवं साथी उपस्थित रहे ।



# बच्चों को स्कूल ड्रेस और पुस्तकें वितरित

नवभारत न्यूज

**हिरौंदी 4 अगस्त, शिक्षा के क्षेत्र में आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को आगे बढ़ाने की दिशा में गुलाब शुक्ला जनसहयोग मंच ने एक पहल करते हुए जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्कूल ड्रेस एवं शैक्षणिक पुस्तकें वितरित किया।**

न्यू तक्षशिला कॉन्वेंट स्कूल, बिरसिंहपुर में आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्र के कई जरूरतमंद बच्चों को आवश्यक शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराई गई। ड्रेस और पुस्तकें पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। समाजसेवी गुलाब शुक्ला ने स्वयं बच्चों को ड्रेस एवं पुस्तकें वितरित किया तथा उनसे मन लगाकर पढ़ाई करने और जीवन में आगे बढ़ने का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा हर बच्चे का अधिकार है और आर्थिक अभाव किसी भी बच्चे के सपनों के बीच दीवार नहीं बनना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय परिवार, अभिभावक, समाजसेवी एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे ।सभी ने इस पहल को सामाजिक उत्तरदायित्व का उत्कृष्ट उदाहरण बताते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज में शिक्षा के प्रति विश्वास और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं।